लॉजिस्टिक्स हब और मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट हब को विकसित करने में 38 अरब का निवेश

# लॉजिस्टिक हब से एक लाख को रोजगार मिलेगा

राज्य मुख्यालय | **प्रमुख संवाददाता**

औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने कहा है कि ग्रेटर नोएडा में मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स हब और मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट हब को विकसित करने में लगभग 3,884 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी। इससे एक लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही ईस्टर्न एवं वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के माध्यम से माल के कुशल भंडारण और परिवहन की सुविधा उपलब्ध होगी।

यात्रियों की सुविधा के लिए बोराकी में रेल, सड़क और मास रैपिड ट्रांज़िट सिस्टम के साथ मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट हब परियोजना में अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल, लोकल बस टर्मिनल, मेट्रो, वाणिज्यिक, रिटेल और होटल सहित हरित स्थान भी होगा। दादरी में लॉजिस्टिक हब परियोजना को एक विश्वस्तरीय सुविधा के रूप में विकसित किया जाएगा जो फ्रेट कंपनियों और ग्राहकों को गंतव्य प्रदान करेगी। इस परियोजना के विकास से उत्तम कंटेनर हैंडलिंग की सुविधा मिलेगी।

## नानक लॉजिस्टिक्स के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी

औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने मेसर्स नानक लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के निवेश प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। यह वेयरहाउसिंग इकाई लखनऊ के सरोजनी नगर के भउकापुर गांव में 86,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में बनेगी। इसमें लगभग 85 करोड़ रुपये का निवेश होगा।



सतीश महाना, मंत्री